# 30 जून को होगा सिटी डेव्हलपमेंट प्लान के संबंध में संगोष्ठी

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए कौन से प्रस्ताव लिया जाना है। इस हेतु भिलाई के विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए अपने–अपने विचार दिये जाने निगम सभागार में दिनांक 30.06.2025 को समय प्रातः 10:30 बजे विचार संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसके लिए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने माननीय सांसद, विधायक, महापौर, पार्षदगण एवं नागरिकगणों से सुझाव लिए जाने संगोष्ठी कार्यक्रम में आमंत्रित किये है। शहर के विकास के लिए सभी के विचार एवं सुझाव को सुनने पश्चात उस पर विचार–विमर्श किया जाना है। आयुक्त पाण्डेय ने अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी को निर्देशित किये है कि 28 जून तक उपरोक्त कार्यक्रम का पी.पी.टी. तैयार करा लेवें, जिसे प्रोजेक्ट के माध्यम से दिखाया एवं समझाया जाएगा। शहर के विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए अलग से विचार, विमर्श एवं सुझाव को भी साझा किया जाएगा। जिससे नगर निगम भिलाई के विकास एवं सौंदर्यीकरण को और बेहतर ढंग से व्यवस्थित किया जा सके।

